# सिंगापुर के बाद जापान से निवेश पर फोकस

**लखनऊ।** सिंगापुर में निवेश की संभावनाएं तलाशने के बाद इन्वेस्ट यूपी का फोकस अब जापान पर है। इस क्रम में इन्वेस्ट यूपी ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी के नेतृत्व में जापान स्थित भारतीय दूतावास के उप मिशन प्रमुख आर. मधु सूदन के साथ एक अहम रणनीतिक बैठक की।

बैठक में शशांक ने यूपी को जापानी उद्योगों के लिए एक भरोसेमंद और

## इन्वेस्ट यूपी ने जापान स्थित भारतीय दूतावास के साथ की अहम बैठक

पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार जापानी निवेशकों को सुगम और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए संस्थागत सहयोग को प्राथमिकता दे रही है। इस दिशा में यामानाशी प्रीफेक्चरल सरकार, जापान वाह्य व्यापार संगठन, भारत–जापान वाणिज्य एवं संस्कृति परिषद तथा कांसाई औषधि उद्योग संघ जैसे प्रमुख जापानी संस्थानों संग सहभागिता बढ़ाई जा रही है।

इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने दूतावास को बताया कि यूपी में मोटर वाहन और मूल उपकरण निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली अभिकल्प व विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, सूचना प्रौद्योगिकी तथा औषधि उद्योग जैसे क्षेत्रों में जापानी कंपनियों की रुचि तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित जापानी सिटी परियोजना पर कार्य जारी है जिसे 500 एकड़ में एक समर्पित औद्योगिक और आवासीय केंद्र के रूप में विकसित किया जाना है। ब्यूरो